## सर्वमंगला पब्लिक स्कूल ने छात्र-छात्राओं को दी सजा

# फीस जमा नहीं करने पर परीक्षा से किया वंचित

- छात्र-छात्राओं को धूप में किया खड़ा
- अभिभावकों ने किया हंगामा

संवाददाता। तेतुलमारी

धनबाद-कतरास 8 लाइन मुख्य मार्ग पर नगरीकला में संचालित सर्वमंगला पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने अमानवीयता की हदें पार कर दी. इस स्कूल में पढ़ने वाली कई छात्राएं समय पर स्कूल का फीस नहीं जमा कर सकी तो स्कूल प्रबंधन ने सजा के तौर पर छात्र-छात्राओं को परीक्षा से वंचित करने के साथ-साथ धूप में खड़ा कर दंडित किया. छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को जैसे ही यह खबर मिली सभी जल्दबाजी में




स्कूल पहुंचे और हंगामा करने लगे. छात्राओं को इस कदर दंडित किए जाने पर अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन का अमानवीय और तानाशाही व्यवहार करार दिया है. स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए अभिभावकों ने कहा कि हम लोग स्कूल फीस का भुगतान करने के लिए मेहनत से धन उपार्जन करते हैं. किसी महीने फीस जमा करने में विलंब हो जाती है. अभी इस स्कूल में अर्द्धवार्षिक परीक्षा चल रही है. ऐसे में छात्र-छात्राओं को परीक्षा देने से वंचित कर धूप में खड़ा किया जाना अमानवीयता है. अभिभावकों के अनुसार स्कूल के प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं से कहा कि जब तक बकाए फीस का भुगतान नहीं कर दिया जाता तब तक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जाएगा. बता दें कि छात्र-छात्राओं को सजा के तौर पर धूप में खड़ा गुरुवार को किया गया था. छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावकों को मामले की जानकारी दी. शुक्रवार की सुबह अभिभावक स्कूल परिसर पहुंचे और हंगामा करने लगे. वहीं स्कूल की प्राचार्या डॉक्टर प्रभा सक्सेना ने अभिभावकों के आरोप को निराधार बताया है. उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को हॉल में बैठाया गया था धूप में नहीं. जिन छात्र-छात्राओं की परीक्षा छूट पाई है, उनके लिए अलग से तिथि निर्धारित कर परीक्षा ली जाएगी. बकाए फीस भुगतान का मामला नहीं है.

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष कैद

**धनबाद।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर अगवा कर लेने एवं उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया . धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी तिसरा निवासी देवा भूईया को वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. गुरुवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. अभियुक्त इस मामले में फरार है जिसकी अनुपस्थिति में अदालत ने अपना फैसला सुनाया. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 20 सितंबर की तारीख निर्धारित की है . प्राथमिकी पीड़िता के मां के शिकायत पर कतरास थाने में 22 अगस्त 20 को दर्ज की गई थी प्राथमिकी के मुताबिक उसकी 14 वर्षीय नाबालिक को देवा 21 अगस्त 2020 के दोपहर 2:00 बजे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था . खोजबीन पर पता नहीं चला था .

## तेलमच्चो में फोरलेन सड़क के किनारे जमीन पर बनी गोफ

संवाददाता। महुदा

तेलमच्चो स्थित फॉर लेन सड़क से मात्र लगभग 100 मीटर की दूरी पर गुरूवार देर रात गोफ बन गया. इस संबंध में वहां के ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार देर रात तेज आवाज आयी. शुक्रवार प्रातः ग्रामीणों ने जब देखा तो वहाँ गोफ बना हुआ था. तब इसकी सूचना बीसीसीएल के अधिकारियों को दी गयी. सूचना पाकर पश्चिमी झरिया क्षेत्र महुदा समूह के परियोजना पदाधिकारी सह एजीएम दीपक कुमार घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद बताया कि बीसीसीएल के पहले यहाँ निजी कंपनी द्वारा इस क्षेत्र में कोयले का खनन किया गया था. लगातार हुई भारी बारिश के कारण यह घटना घटी है. उन्होंने कहा कि गोफ हुए स्थल की भराई करवा कर इसे ठीक करवा



दिया जाएगा. उक्त स्थल पर लगभग दो फीट चौड़ा तथा 3 फीट लंबा जमीन धंस गई. उस जगह पर नाली बनी हुई है, जिसमें तेलमोचो ग्राम का पूरा पानी इसी नाली से जाता है. गॉफ होने के बाद नाली का पानी उसी गड्ढे में जा रहा है. ग्रामीणों ने मांग किया कि बीसीसीएल प्रबंधन जल्द से जल्द गोफ वाले स्थल की भराई कर दे, ताकि उस जगह पर किसी प्रकार की घटना ना हो.

## भाजपा में शामिल हुए सैंकड़ो लोग

**झरिया।** झरिया शाहनगर में भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री नौशाद खान के नेतृत्व में सैकड़ों अल्प संख्यक समुदाय के लोगों ने भाजपा में शामिल हुए. यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह की मौजूदगी में आयोजित किया गया था. स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया और महिलाओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया. स्थानीय लोगों ने कहा कि वे विधानसभा चुनाव में भाजपा नेत्री रागिनी सिंह के साथ हैं और उम्मीद करते हैं कि वह उनकी समस्याओं का समाधान करेंगी. इस अवसर पर कई युवा कार्यकर्ता, महिलाएं और पुरुष मौजूद थे, जिनमें मोहम्मद इरफान मल्लिक, मोहम्मद इमरान सिद्दीकी, मोहम्मद शमशाद शाह, मोहम्मद असलम फारूखी आदि शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### बाघमारा अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर

**बाघमारा।** बाघमारा अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि रैयतों के जमीन की रसीद नहीं काटी जा रही है. परेशान होकर रैयतों को दोबारा अंचल कार्यालय परिसर में धरना पर बैठना पड़ा है. रैयत ग्राम स्वराज्य अभियान के बैनर तले धरना पर बैठे हैं, जिसका नाम सत्याग्रह आंदोलन दिया गया है. रैयतों ने जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान करने की मांग की है. धरना का नेतृत्व कर रहे हरिना के रैयत विकास कुमार रजवार ने कहा कि विगत माह जब हम लोग धरना में बैठे थे तो सीओ साहब ने एक सप्ताह के अंदर जमीन की रसीद निर्गत करने का आश्वासन दिया था. एक महीना बीत जाने के बाद भी रसीद निर्गत नहीं किया गया. एक अन्य रैयत तीता कुमारी उर्फ लक्ष्मी देवी ने कहा कि कोर्ट के फैसले के आधार पर मेरे 33 डीसमिल जमीन की ऑनलाईन प्रविष्टि कर रसीद काटा जाना है.

### पेयजलापूर्ति की मांग को लेकर ट्रांसपोर्टिंग ठप

**पंचेत।** बीसीसीएल एरिया 12 दहीबाड़ी परियोजना के समीप बसे रामकृष्ण कॉलोनी के लोगों का सब्र का बांध आख़िरकार टूट ही गया. एक सप्ताह से जल संकट झेल रहे कालोनीवासियों ने शुक्रवार को गोलबंद होकर दहीबाड़ी परियोजना से निकलने वाले कोयला ट्रांसपोर्टिंग को रोक दिया. लगभग एक घंटे ट्रांसपोर्टिंग ठप होने के बाद बीसीसीएल प्रबंधन के अधिकारी वार्ता के लिए पहुंचे और बहुत जल्द समस्या समाधान का भरोसा दिलाया . इधर ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से लगभग ढाई हजार की आबादी जल संकट झेल रहे हैं. पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण पानी सप्लाई में लगे पंप डूब गया था. एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी अब तक प्रबंधन पानी की समस्या को निराकरण नहीं कर पाया है.

### चिरकुंडा में 6 घंटे तक बिजली रही बाधित

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा क्षेत्र शुक्रवार को विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण 6 घंटे तक बिजली बाधित रही. डीवीसी के 33 केवी जम्फर में खराबी आने से चिरकुंडा, चांच और ग्रामीण फीडर के हजारों उपभोक्ताओं की बिजली कट गई. विभागीय अधिकारियों ने एक-दूसरे पर दोषारोपण किया, जिससे नागरिकों को परेशानी हुई. नागरिकों का कहना है कि अगर अधिकारी तत्परता दिखाते, तो 1-2 घंटे में ही बिजली बहाल हो जाती. डीवीसी और जेबीएनएल के अधिकारियों के बीच दोषारोपण के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ. अंततः जांच के बाद डीवीसी के 33 केवी जम्फर में ही खराबी मिली.

### मजदूरों का धरना 20वें दिन भी जारी

**मधुबन.** गोविन्दपूर क्षेत्र संख्या तीन के खरखरी कोलियरी को एमडीओ के तहत निजी कम्पनी को देने एव मजदुरों की हाजरी पर रोक व स्थानांतरण के विरोध में शुक्रवार को 20वें दिन भी मजदूरों का संयुक्तमोर्चा के बैनर तले कोलियरी पीट पर धरना जारी है. प्रत्येक दिन की तरह आंदोलनकारी मजदूरों ने सर्वप्रथम प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया.बाद में एक मांगपत्र का ज्ञापन प्रबंधन को सौंपा.मांगपत्र में कहा गया है की प्रबंधन खरखरी कोलियरी के मजदूरों को तीन भाग में बांटकर मजदूरों में फुट डालना चाहती है. प्रबंधन फुट डालो और शासन करो कि नीति पर खरखरी कोलियरी के कुल 271 मेन पावर में जहां 109 मजदुरों का स्थानांतरण कर रही है.

## दर्द से कराहता रहा मरीज, चिकित्सक देखने तक नहीं आए

# एसएनएमएमसीएच में दो दिनों के दौरान दूसरी मौत

- परिजनों ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप
- जमकर किया हंगामा

संवाददाता । धनबाद

शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में लगातार दूसरे दिन मरीज की मौत हो गई. आहत परिजनों ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर हंगामा किया. झरिया निवासी 75 वर्षीय प्रवीण कुमार आकड़े की मौत शुक्रवार को अस्पताल के सर्जिकल आईसीयू में हुई. परिजनों का आरोप है कि इलाज में चिकित्सकों ने लापरवाही बरती, जिससे उनकी मौत हुई. सर्जरी के बाद इस मरीज को सर्जिकल आईसीयू में रखा गया था. इस दौरान मरीज दर्द से कराहता रहा, लेकिन चिकित्सक उन्हें देखने नहीं आए. मृतक के पुत्र पुनीत कुमार आकड़े ने कहा कि



उसके पिता प्रवीण करीब डेढ़ महीना पूर्व बरवाअड्डा में सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए थे. एक बाइक सवार ने उन्हें धक्का मार दिया था. इस घटना में उन्हें गहरी चोट आई थी. इलाज के लिए उन्हें एसएनएमएमसीएच के हड्डी रोग विभाग में भर्ती कराया गया था. तीन दिन पहले उनके पैर की सर्जरी कर टूटी हड्डियों को जोड़ा गया था. सर्जरी के बाद उन्हें हड्डी रोग विभाग में ही रखा गया. गुरुवार को उन्हें वहां से हटाकर सर्जिकल आईसीयू में भेज दिया गया. बेटे का आरोप है कि सर्जिकल आईसीयू में मेरे पिता दर्द से कराहते रहे, लेकिन एक बार भी डॉक्टर देखने नहीं आए. अस्पताल प्रबंधन से भी शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई. ठीक से इलाज नहीं होने पर शुक्रवार की सुबह उनकी मौत हो गई. उनकी मौत से आहत परिजनों ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया. हंगामा के कारण पूरे इमरजेंसी वार्ड में अफरा-तफरी मच गई. अस्पताल के डॉक्टरों, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों ने समझा-बुझाकर परिजनों को शांत किया. वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर डॉक्टरों ने कहा कि मरीज वृद्ध थे. उन्हें कई अन्य कई स्वास्थ्य समस्याएं भी थी. परिजनों को सारी स्थिति से अवगत कराने के बाद ही सर्जरी की गई थी. काफी प्रयास के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका. इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप निराधार है. पुनीत कुमार का यह आरोप भी है कि इस सरकारी अस्पताल में अपने पिता के इलाज पर उन्होंने 65 हजार रुपए खर्च किए. सारी दवाइयां बाहर से खरीदनी पड़ी. यहां तक की सफाई और मरीज को बाथरूम ले जाने के लिए भी पैसे देने पड़े. इससे जाहिर है कि इस अस्पताल में भ्रष्टाचार का बोलबाला है. मरीज के परिजनों से रुपए की मांग की जाती है. बता दें कि एसएनएमएमसीएच में गुरुवार की शाम भी एक मरीज की मौत होने पर परिजनों ने हंगामा किया था. मृतक पप्पू गुप्ता को पैर में चोट लग गई थी. परिजनों ने उन्हें इस अस्पताल में भर्ती कराया था. मरीज की मौत होने पर परिजनों ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था.

# कल से शुरू होगी पेयजलापूर्ति

## 17 सितंबर से प्यासी है झरिया की आठ लाख आबादी

- 18 इंच का पाइप फटने से जलापूर्ति बाधित

संवाददाता । धनबाद

झरिया के जामाडोबा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से रविवार से पेय जलापूर्ति सुचारू रूप से शुरू होगी. अठारह इंच का पाइप फटने,9 एमजेडी और 11एमजेडी पम्प डूबने व दामोदर नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण मंगलवार 17 सितंबर से हीं झरिया विधानसभा के भौरा ,फुसबंगला , डिगवाडीह , भागा सहित विभिन्न क्षेत्रों की लगभग आठ लाख की आबादी को पानी नही मिल रहा है. पिछले चार दिनों से पानी नही मिलने के कारण क्षेत्र में हाहाकार मच गया है. लोगों को रोजमर्रा के कार्य के लिए कई किलोमीटर दूर से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है. इस संबंध में जामाडोबा को ऑपरेटिव कॉलोनी के रहने वाले मंटू सिंह और संतोष ने कहा कि पिछले चार दिनों से पानी नही मिलने के कारण लोगों में काफी आक्रोश है.

लोगों का सब्र का बांध अब टूटता जा रहा है .सूचना मिल रही है कि पानी की सफ्लाई रविवार से होगी . उन्होंने कहा कि 18 इंच का पाइप झमाड़ा अधिकारियों की लापरवाही के



कारण फटा है. अगर वक्त रहते पाइप को बदला नही गया तो आने वाले दिनों में पानी की घोर किल्लत हो सकती है. वहीं शुक्रवार को झमाडा कर्मचारी राजू ने कहा कि लगातार चार दिनों तक हुई बारिश के कारण पम्प और इंकटेक वेल डूब गया था जिसमे 9 एमजेडी और 11एमजेडी पम्प में पानी घुस गया था.फिलहाल पानी का लेवल कम हो गया है 9 एमजेडी और 11एमजेडी पम्प की मरम्मत भी हो गई है. 18 इंच का पाइप भी आज फिट हो जाएगा.

इसके बाद पाइप के ऊपर ढलाई की जाएगी और फिर 24 घण्टे के बाद रविवार को 18 इंच पाइप से पानी की सफ्लाई की जाएगी.उन्होंने कहा कि इस समस्या के बावजूद झरिया विधानसभा की आधी आबादी को 30 इंच पाइप से पानी की सफ्लाई लगातार कि जा रही है.

## त्रैमासिक सतर्कता जागरुकता अभियान में नियमों की दी जानकारी



संवाददाता । केंदुआ

बीसीसीएल कुसुंडा एरिया के मटकुरिया ऑफिसर्स क्लब में ई एंड एम विभाग की ओर से त्रैमासिक सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबन्धक (सतर्कता) सतेंद्र कुमार ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी एसओपी गाइडलाइन का पालन कर परेशानी से बच सकते हैं. इसके लिए जरूरी है कोल इंडिया, बीसीसीएल और विजिलेंस के गाइडलाइन की जानकारी तथा आपस में सामंजस्य. उन्होंने कहा कि त्रैमासिक जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य कर्मियों को नियमों की जानकारी देकर सचेत करना है.

कार्यक्रम को कुसुंडा एरिया के महाप्रबंधक प्रणव दास ने भी संबोधित किया. कहा कि विजिलेंस बीसीसीएल कर्मियों के मार्गदर्शक हैं, जो नियमों की जानकारी देकर गलतियां सुधारने का मौका देते हैं. जो व्यक्ति काम करते हैं, गलतियां उन्हीं से होती है. कोई व्यक्ति नहीं चाहता कि गलती करें. नियमों का पालन कर काम करने से गलतियों से बचा जा सकता है. कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई. एचके मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया. इस दौरान सभी अधिकारियों और कर्मियों ने सतर्कता नियमों के पालन करने का शपथ ली. मौके पर महाप्रबंधक आरआर कर्ण, महाप्रबंधक एनके ठाकुर, महाप्रबंधक एके सिंह,एजीएम हफीजुल कुरैशी, एके झा, एपीएम वेद प्रकाश, अतुल शर्मा, शम्भू सिंह आदि मौजूद थे.

## पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे की जांच सीआईडी से कराने की मांग



संवाददाता । धनबाद

झारखंड के पत्रकारों पर दर्ज हो रहे झूठे मुकदमे की सीआईडी जांच कराने के लिए ऑल इंडिया स्माल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश प्रभारी सह बिहार ऑब्जर्वर के संपादक गणेश मिश्रा के नेतृत्व में झारखंड के राज्यपाल के नाम धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा के माध्यम से ज्ञापन सौंपा. प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को बताया कि पत्रकारों पर झूठे मामले दर्ज करने के कहीं उदाहरण है. जिसमें बहुत से मामले तीन-चार वर्ष से अभी तक अनुसंधान में ही है. फर्जी मामलों को लेकर रांची, जमशेदपुर, दुमका, हजारीबाग, गोड्डा, गढ़वा, लातेहार इत्यादि जिलों के कुछ मामले विशेष चर्चा में है. प्रतिनिधिमंडल ने ऐसे 15 फर्जी मामलों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि राज्य में पत्रकारों और मीडियाकर्मियों पर दर्ज हो रहे झूठे मुकदमों और प्रताड़ना के मामलों में शीघ्र जांचोपरांत संज्ञान लेकर झूठे शिकायतकर्ताओं और दोषी अधिकारियों पर भी 182/211 की कार्रवाई होनी चाहिए. अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण ही पीड़ित पत्रकार साथियों को न्याय मिलने में न सिर्फ विलंब हो रहा है, बल्कि आए दिन फर्जी मामले दर्ज कराने वालों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है. साथ ही राज्य में पत्रकार प्रताड़ना के सभी मामलों का सुपरविजन सीआईडी की निगरानी में कराने और झूठे व मनगढ़ंत कहानी बनाकर पत्रकारों को प्रताड़ित करने वाले दोषी शिकायतकर्ताओं को किसी हाल में नहीं बख्शने का अनुरोध किया है. प्रतिनिधिमंडल में ऑल इंडिया स्माल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी सह बिहार ऑब्जर्वर के संपादक गणेश मिश्रा, बोकारो प्रमंडल प्रभारी राजेश कुमार सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष (धनबाद) नेपाल चंद्र महतो, शहरी जिला अध्यक्ष योगेश कुमार निषाद, विजय कुमार ठाकुर तथा रतन कुमार अग्रवाल शामिल थे.

## विस्थापितों की मांग को लेकर रागिनी ने की जीएम से मुलाकात



संवाददाता । झरिया

बागडिगी कोलियरी के आसपास रहने वाले विस्थापितों की समस्याओं को लेकर जनता श्रमिक संघ की महामंत्री और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक से वार्ता की. बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा जबरन खाली कराए जाने से लोगों में भय का माहौल था. इस पर रागिनी सिंह ने महाप्रबंधक से वार्ता में कहा कि बागडिगी कोलियरी में रहने वाले असंगठित मजदूर, किसान, दुकानदार को सभी सुविधा और समुचित व्यवस्था के साथ कोयला भवन धोबीटांड में निर्मित आवास में विस्थापित किया जाए. उन्होंने यह भी मांग की कि बागडिगी कोलियरी में पानी की आपूर्ति बहाल की जाए और लोदना मोड़ से सीआईएसएफ चेक पोस्ट तक सड़क को दुरुस्त किया जाए. महाप्रबंधक ने सभी मांगों पर सहमति जताई और कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा अभी बागडिगी को नहीं खाली कराया जाएगा. पहले समुचित व्यवस्था देने के बाद ही खाली कराने की योजना है. इस दौरान जनता श्रमिक संघ के कई पदाधिकारी और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे.

**आदिवासी युवती हत्या कांड**

# भाजपा ने सीएम का पुतला फूंका



संवाददाता । धनबाद

धनबाद में गोविंदपुर आदिवासी युवती हत्या कांड के विरोध में भाजपा एसटी मोर्चा ने रणधीर वर्मा चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाया.

भाजपा नेताओं ने झारखंड सरकार पर आदिवासी महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचारों को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया. भाजपा धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं. भाजयुमो महानगर अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने मांग की कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस्तीफा देना चाहिए. भाजपा जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून ने कहा कि प्रशासन इस मामले में संवेदनहीन है.

## ग्रामीण भाजपा ने निकाला विरोध मार्च

गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरियो की आदिवासी युवती की निर्मम हत्या एवं कथित बलात्कार की घटना के विरोध में धनबाद जिला ग्रामीण भाजपा की ओर से विरोध मार्च निकाल कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया . जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर के नेतृत्व में हरदेव राम स्मृति भवन से जुलूस निकाला गया, जो लाल बाजार तक गया . यहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया . घनश्याम ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में आदिवासी बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं है . राज्य का डेमोग्राफी बदल रहा है . नेताओं ने कहा कि बरियो की मृतका के परिजनों के साथ भाजपा खड़ी है . जबतक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता, भाजपा चुप नहीं बैठेगी . पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह, महामंत्री मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष मोहन कुंभकार, बलदेव महतो, रतिरंजन गिरि,



ओमप्रकाश बजाज, प्रमोद हेम्ब्रम, मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडल, तलेश्वर साव,सुजीत चौधरी, कुमार महतो, महिला मोर्चा की अध्यक्ष दीपा दास, सुमिता दास, रूमा मुखर्जी, बमबम साव, गोविंद राय,महादेव कुंभकार,अमृत दास, शिव प्रसाद पाण्डे, टेकलाल महतो, कार्तिक मिश्रा, अजय गिरि, सूरज पांडेय, कृटी भूषण रुज, अनूप साव, मिथलेश गिरि, कुणाल गोस्वामीअनिल दास, अवधेश सिंह, नवल सिंह चौधरी, खगेन सिंह चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया .

**समक्ष, लेख्य प्रमाणक, धनबाद**

**शपथ-पत्र**

मैं, **अमबीया देवी** पति-डालो महतो उम्र - 47 वर्ष, धर्म- हिन्दु, पेशा- गृहिणी साकिम - तरंगा, पो0- तरंगा, थाना - चन्द्रपुरा जिला- बोकारो पिन नं0- 828403 राज्य- झारखण्ड एतद् द्वारा शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि:-

1. यह कि, मेरा पैन नं0- JVBPD2861M तथा आधार नं0- 2977 2393 8663 में मेरा नाम अमबीया देवी तथा बैंक ऑफ इंडिया, बाघमारा शाखा के खाता सं0- 47171 01000 18543 में मेरा नाम भुलीया देवी अंकित है।
2. यह कि, अमबीया देवी और भुलीया देवी दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है, जो कि मैं स्वयं हूं।
3. यह कि, मुझे उक्त दोनों नामों से जाने एवं पहचाने जाते है।
4. यह कि, यह शपथ पत्र मैं सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए बना रही हूं।
5. यह कि, उपरोक्त सारी बातें सत्य व सही है, इसमें कोई भी बात छिपाई नहीं गई है।

Affidavit No. 39 Dt. 20.09.24






राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, शनिवार 21 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 04 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 163 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**ब्रीफ खबरें**

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद-चतरो मुख्य मार्ग हरीला मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार शुक्रवार को देर शाम तिनघरवा निवासी लोकनाथ महतो 55 वर्षीय छोटकी खरगडीहा बाजार से अपने घर जा रहे थे. इस बीच हरिला मोड़ पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई. जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर में गिट्टी लदा था. मोड़ सुनसान रहने के कारण धक्का मारकर ट्रैक्टर भाग गया. घटना देखने के बाद बेंगाबाद पुलिस को सूचना दी गई. बेंगाबाद पुलिस पहुंचने के पहले रोड जाम कर दिया गया. पुलिस रोड जाम को खाली करवाने में लगे हुए हैं. हालांकि खबर लिखे जाने तक जाम नहीं टूटी थी.

### ईसीआर जीएम ने किया स्टेशनों का निरीक्षण

**धनबाद :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक (जीएम) छत्रसाल सिंह ने शुक्रवार को सोननगर-गढ़वा रोड और पारसनाथ-कोडरमा रेल खंड का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने स्टेशन, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक और यात्रियों की सुविधाओं का जायजा लिया. धनबाद रेल मंडल के डीआरएम केके सिन्हा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे.

### तोपचांची में तीन दिनों तक विद्युत आपूर्ति बंद

**तोपचांची:** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल डुमरी के अन्तर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को तीन दिनों के लिए विद्युत संकट से जूझना पड़ेगा. दरसल विद्युत आपूर्ति 33/11 केबीए विद्युत शक्ति उपकेंद्र प्रतापपुर से होती है. जिसके कंट्रोल रूम का स्थानांतरण नवनिर्मित भवन में किया जाना है. 23 सितंबर से 25 सितंबर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत शक्ति उपकेंद्र प्रतापपुर से निकलने वाली 33 केवी एवं 11 केवी के सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी. उक्त कारणों के कारण तोपचांची में भी तीन दिनों तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी.

नामकुम स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेंकेडरी एग्रीकल्चर गठन के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति

# बिरसा मुंडा की धरती हमारे लिए तीर्थस्थली है : द्रौपदी मुर्मू

**कौशल आनंद। रांची**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड से मेरा विशेष लगाव है. भगवान बिरसा मुंडा की धरती मेरे लिए तीर्थस्थल है. झारखंड का राज्यपाल रहते हुए हमने यहां हर जगह देखी है. कई काम हुए हैं. द्रौपदी मुर्मू नामकुम स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर के गठन के शताब्दी वर्ष समारोह में शुक्रवार को बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं. उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2017 में इस संस्थान में आ चुकी हैं. कई राज्यों में लाह का उत्पादन होता है. देश में लाह का उत्पादन मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय करते हैं. इस संस्थान में लाह के साथ-साथ इससे जुड़े कई उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं.



यह भी गर्व की बात है कि झारखंड में इसका उत्पादन देश का 55 प्रतिशत है. एसएजी समूह की बहनें बहुत मेहनती हैं. वो सब्जी उत्पादन करके लाती हैं, मगर उसे फ्रीजिंग कर रखने की जरूरत है, ताकि सब्जियां खराब न हों. अनेक क्षेत्र हैं जहां हम और आगे जा सकते हैं. लाह के उत्पादन, सप्लाई चेन और मार्केटिंग में सुधार किया जाए, तो हम लाह की खेती में और आगे बढ़ सकते हैं. गांवों में कृषि आधारित भंडारण नीति बनाई जा रही है. अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी कृषि एवं उत्पाद कैसे आगे बढ़ें, इसके लिए काम करने की जरूरत है. आज भी हमारे किसान गरीबी में जीने को विवश हैं.

अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि को लाभदायक उद्यम बनाने के साथ-साथ, 21वीं सदी में कृषि के सामने तीन अन्य बड़ी चुनौतियां हैं. खाद्य और पोषण सुरक्षा को बनाए रखना, संसाधनों का समुचित उपयोग और जलवायु परिवर्तन. सेकेंडरी एग्रीकल्चर से जुड़ी गतिविधियां इन चुनौतियों का सामना करने में मददगार हो सकती हैं. सेकेंडरी एग्रीकल्चर के माध्यम से अपशिष्ट पदार्थों यानी वेस्ट मटेरियल का भी सही प्रयोग किया जा सकता है. उनको प्रसंस्कृत करके उपयोगी तथा मूल्यवान वस्तुएं बनाई जा सकती हैं. इससे पर्यावरण का संरक्षण होगा, साथ ही किसानों की आय भी बढ़ेगी. सेकेंडरी एग्रीकल्चर वेस्ट टू वेल्थ का एक अच्छा उदाहरण है.

### पीएम किसानों के लिए कई काम कर रहे : राज्यपाल

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपति का राज्यपाल रहने के दौरान कस्तूरबा गांधी विद्यालय का भ्रमण का असर वहां दिख रहा है. मेरा प्रयास रहता है कि कोई भी व्यक्ति केंद्र और राज्य की योजनाओं से वंचित न रह जाए. आज हम सभी के लिए गर्व की बात है कि इसके शताब्दी समारोह में हिस्सा ले रहे हैं. संस्थान ने इन सौ वर्षों में कई उपलब्धियां हासिल की हैं.

### किसान मजदूर बनने को विवश हमें सोचने की जरूरत : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छह वर्षों तक राज्य का मागदर्शन किया. अब देश का मार्गदर्शन कर रही हैं. सदियों से किसानों को सिर आंखों पर रखा गया. केंद्र व राज्य की सरकार को सोचने की जरूरत है. कहीं सूखा, कहीं बाढ़. आज हमारे किसान खेतिहर मजदूर बनने की ओर अग्रसर है. मौसमी फसल के अलावा वैकल्पिक खेती की ओर कैसे आगे बढ़ें, इस पर सोचना होगा इसलिए हमने लाह को खेती का दर्जा दे दिया है.

### लाह का सालाना निर्यात 400 करोड़ का : केंद्रीय कृषि मंत्री

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राष्ट्रपति का झारखंड से पहले से लगाव रहा है. प्रधानमंत्री किसानों की आय दोगुनी करना चाहते हैं. कृषि में उत्पादन बढ़ाना, घाटा कम करने, केवल धान-गेहूं से काम नहीं चलेगा. हमें दूसरी खेती में जाना होगा. आज भी हम 400 करोड़ का लाह निर्यात करते हैं. आज ऐसी महिलाएं हैं, जो लाख-लाख रुपए कमा रही हैं. हमारी आय बढ़ाने के लिए लाह अहम है.

सीमा पर मालवाहक वाहनों की आवाजाही बहाल, आम लोगों को राहत

# झारखंड गरम तो ममता नरम

**संवाददाता। निरसा**

झारखंड के गरम होने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नरम पड़ गई और 24 घंटे से अधिक समय के बाद डीबुडीह चेकपोस्ट समेत बंगाल से लगने वाली झारखंड की सीमा मालवाहक वाहनों के लिए खोल दिया . शुक्रवार की शाम तकरीबन 6बजकर 30 मिनट पर वाहनों के चक्के घूमने लगे . इसके बाद से झारखंड से बंगाल में मालवाहक गाड़ियों का प्रवेश भी शुरू हो गया है.

इधर वादा अनुसार झारखंड में भी माले नेता द्वारा लगाए गए जाम को खोल दिया गया है. जिसके बाद वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है. गुरुवार की शाम लगभग चार बजे से बंगाल सरकार के आदेश के बाद पश्चिम बंगाल के बॉर्डर को सील कर दिया था.

इसके पूर्व पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा झारखंड से बंगाल में प्रवेश करने वाले बड़े माल वाहक वाहनों पर रोक लगाने के बाद बंगाल-झारखंड में सियासत गरमा गई. कुल्टी के भाजपा विधायक डॉ. अजय पोद्दार ने डिबुडीह चेकपोस्ट पर समर्थकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर तैनात पुलिस और ट्रैफिक पुलिस से लिखित आदेश दिखाने की मांग की. पुलिस और ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों ने उपर से आदेश होने की बात कही, जिसपर विधायक और समर्थकों ने हंगामा मचाया और राज्य सरकार और पुलिस के विरोध में नारेबाजी की. इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर लंबी कतार लग गई और ड्राइवरों को परेशानी हुई. बाद में शाम सात बजे दोनों ओर से रास्ता खोल दिया गया.



**करीब 18 घंटों से ज्यादा वक्त से रोकी इंट्री**

झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा पर स्थित डीबुडीह चेक पोस्ट पर पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा झारखंड से बंगाल जा रहे भारी वाहनों को रोके जाने के बाद पिछले 18 घंटे से ज्यादा वक्त से वाहनों की लंबी कतार लगी थी. जिसके कारण मैथन टोल प्लाजा से लेकर निरसा तक लंबा जाम लग गया था.

### मैथन डैम का जलस्तर घटा सभी गेट किए गए बंद-

लगातार बारिश के कारण मैथन और पंचेत डैम के जलस्तर में वृद्धि हुई थी, जिसके कारण पिछले तीन दिनों से मैथन डैम से पानी छोड़ा जा रहा था. लेकिन गुरुवार को जलस्तर में कमी आने के बाद डैम के सभी गेट बंद कर दिए गए और अब केवल दो गैलरी के माध्यम से पानी छोड़ा जा रहा है.

# भाजपा ही कर सकती है झारखंड का विकास : शाह

सरकार बनते ही बांग्लादेशी घुसपैठियों को करेंगे बाहर

**खास बातें**

- शाह ने किया सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण
- आदिवासी समाज के अधिकारों की करेंगे रक्षा

**संवाददाता। साहिबगंज**

साहिबगंज स्थित पुलिस लाईन में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने झारखंड में विकास और आदिवासी समाज के मुद्दों पर बात कही. उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार ने आदिवासियों को मान-सम्मान दिया है और उनके अधिकारों की रक्षा की है. उन्होंने हेमंत सरकार पर हमला करते हुए कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिए बढ़ रहे हैं और बीजेपी की सरकार बनाने पर उन्हें चुन-चुन कर निकाला जाएगा. उन्होंने कहा कि झारखंड में बीजेपी की सरकार बनाओं, हम घुसपैठियों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे. उन्होंने कहा कि 2011 में आदिवासियों की संख्या 44 प्रतिशत थी और आज के तारीख में झारखंड में आदिवासियों की संख्या 28 प्रतिशत हो गई है.




कार्यक्रम के पूर्व अमित शाह ने वीर शहीद सिदो-कान्हू की जन्मस्थली बरहेट विधानसभा क्षेत्र भोगनाडीह में एक कार्यक्रम में भाग लिया. उन्होंने सिदो-कान्हू पार्क में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सिदो-कान्हू के वंशजों से मुलाकात की.

कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, बोरियो पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम, राजमहल विधायक आनंद ओझा, किसान मोर्चा राष्ट्रीय महामंत्री बजरंगी प्रसाद यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे.

डोमन महतो पर जानलेवा हमला मामले में पीड़िता का बयान दर्ज

# सांसद के खिलाफ कोर्ट में बोली रजनी

**संवाददाता। धनबाद**

डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने के मुकदमे मे शुक्रवार को मामले की पीड़िता रजनी देवी का बयान धनबाद के एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश डी सी अवस्थी की अदालत मे दर्ज किया गया .

कोर्ट को दिए बयान में डोमन महतो की भाभो रजनी देवी पति स्वर्गीय नंदलाल महतो ने गवाही देते हुए कहा कि 29 अप्रैल 19 को 6.50 से 7:00 बजे के आस पास वह रामराज मंदिर में आरती करने गई थी उसके साथ उसका आठ साल का बेटा कार्तिक महतो और बेटी खुशी कुमारी थी जो मंदिर के बाहर थी इस समय देखा कि ढुल्लू महतो अपने समर्थकों के साथ रोड की तरफ से मंदिर की तरफ आ रहे थे वहां उसके जेठ डोमन महतो बांस बाली का दुकान बना रहे थें ढुल्लू महतो वहां उसके जेठ डोमन महतो और ससुर दोनों को गाली देने लगे और कह रहे थे कि अभी तक काम कर रहा है बाप बेटा दोनों को जान से मार दो. इसके बाद वहां पर झगड़ा होने लगा ढुल्लू महतो के समर्थक अजय गोराई, उसके भैसुर का कॉलर पकड़ लिया, बिट्टू सिंह, डंपी मंडल कृष्ण रविदास और बुढा राय सभी मिलकर उसके भसुर के साथ मारपीट करने लगे भसुर वहां गिर गए तो ढुल्लू महतो उसके भैसुरका नाक मुंह को पैर से दबा दिए और जान मारने की धमकी देने लगे सभी मिलकर उसके भसुर और ससुर दोनों को दुकान से बाहर निकाल कर दुकान तोड़ दिया ,उसके भाषण को मोबाइल से रिकॉर्डिंग करने लगे तो बिट्टू सिंह उनका मोबाइल छीनकर फेंक दिया .

कृष्णा रविदास अपना बंदूक निकाल कर चलाने का कोशिश किया लेकिन बंदूक नहीं चला तो उसके भैसुर के माथे पर बट से मारा जब उसे बर्दाश्त नहीं हुआ तो वह जाकर मोबाइल उठाने लगी तो ढुल्लू महतो बोले कि तुम लोग हमसे नहीं सकेगा यहां से मुख्यमंत्री तक मेरा आदमी है इसके बाद अजय गोराई, बिट्टू सिंह ,डंपी मंडल , ढुल्लू महतो और बुढा राय उसके साथ मारपीट और गाली गलौज किया .इस घटना के बाद उसके ससुर बीमार पड़ गए और उनकी मृत्यु हो गई . तकनीकी वजह से आज गवाह का प्रति परीक्षण पूरा नहीं हो सका . 29 अप्रैल 19 को ढुल्लू महतो समेत अन्य के विरुद्ध गाली गलौज व जानलेवा हमला का आरोप लगाते हुए दर्ज की गई थी.

### चार्जिंग स्टेशन से तीन टोटो की चोरी

**धनबाद।** धनबाद के चीरागोड़ा विनोद नगर में एक हैरान कर देने वाली चोरी की घटना सामने आई है.गुरुवार की रात जयंत सिंह चौधरी के टोटो चार्जिंग स्टेशन से तीन टोटो की चोरी की गई. जहां चोरी हुई वहां आठ टोटो पार्किंग की गई थी, लेकिन चोरों ने सिर्फ तीन टोटो को ही निशाना बनाया. सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद है. फुटेज में तीन चोरों को खिड़की से अंदर घुसते देखा गया है. एक चोर बाहर रहकर सिग्नल देने का काम करता है. इसके बाद चोर मैन गेट का ताला तोड़कर तीन टोटो लेकर फरार हो गए.

तीनों टोटो की कीमत करीब 6 लाख रुपये आंकी गई है. जयंत सिंह चौधरी ने मामले की लिखित शिकायत धनबाद थाना में की है. उन्होंने सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराया है.

# घर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**संवाददाता। धनबाद**

गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बगसुमा बस्ती में एक घर में शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लग गई, जिसमें लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई. घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन रास्ते की कठिनाई के कारण उसे लगभग आधे घंटे तक परेशानी का सामना करना पड़ा. इस बीच घर का सामान नष्ट हो गया. आग घर में तेजी से फैलने लगी, जिससे कई महत्वपूर्ण वस्तुएं जल गईं, जिनमें जमीन के कागजात, बच्चों के प्रमाण पत्र, नगद पैसे और कुछ जेवर सहित अन्य सामान नष्ट हो गए. घटनास्थल पर गोविंदपुर थाने की पुलिस भी पहुंच गई और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर स्थिति को नियंत्रित करने में मदद की. पुलिस ने आग बुझाने के प्रयासों में सहयोग किया और यह सुनिश्चित किया कि कोई भी व्यक्ति घायल न हो. स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि बगसुमा बस्ती में समुचित सड़कें नहीं होने के कारण दमकल की गाड़ी को अग्नि स्थल तक पहुंचने में भारी कठिनाई हुई. इसके चलते दमकल की गाड़ी को दूर ही खड़ा करना पड़ा, जिससे आग पर काबू पाने में समय लगा. आग पर काबू पाने के लिए स्थानीय लोगों ने एक तालाब के पास पंप लगाकर पानी की व्यवस्था की और सभी ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, जिससे स्थिति को नियंत्रित किया गया.





### नौकरी दिलाने के नाम पर 39 लाख की ठगी, दो गिरफ्तार

**केंदुआ।** डीवीसी में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच युवकों से 39 लाख रुपए ठगी करने के नामजद आरोपी अप्पू कुमार दास व सुनील कुमार दास को गोन्दूडीह थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. अप्पू खरीकाबाद के दास बस्ती और सुनील बलियापुर थाना क्षेत्र के आमटाल का रहनेवाला है. दोनो महीनों से फरार थे. पुलिस दोनों को तलाश रही थी. भुक्तोभोगी संजय दास ने गोंदूडीह ओपी में पांच मई को मामला दर्ज कराया था, जिसमें अप्पू कुमार दास, दिलीप राम, बलियापुर आमटाल के सुनील दास, दुर्गापुर बंगाल के कमल ठाकुर और ए मुखर्जी को नामजद किया गया था. इनके खिलाफ डीवीसी में नौकरी दिलाने के नाम पर एक वर्ष पूर्व पांच युवकों से 39 लाख रुपए ठगी करने का आरोप लगाया गया था.

**राजनीति** लोस में भाजपा, झामुमो और कांग्रेस के बाद सबसे अधिक वोट प्राप्त करने वाली पार्टी जेएलकेएम

# विधानसभा चुनाव में किसके वोट पर चलेगी जयराम की ‘कैंची’

**अमित सिन्हा**

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा, झामुमो और कांग्रेस के बाद सबसे अधिक वोट प्राप्त करने वाली पार्टी जयराम महतो की थी. हालांकि तब पार्टी की मान्यता नहीं रहने पर जयराम ने कई सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार उतारे थे. लेकिन विधानसभा चुनाव से पहले ही चुनाव आयोग ने जयराम की पार्टी को मान्यता दे दी है. इसके साथ ही पार्टी को चुनाव चिन्ह भी एलॉट कर दिया गया है. अब देखना दिलचस्प होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जयराम की कैंची किस पार्टी के वोट बैंक पर चलती है. जयराम की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) धनबाद की छह विधानसभा सीटों पर अपना प्रत्याशी उतारने जा रही है. छह विधानसभा में से चार पर भाजपा का कब्जा है तो वहीं एक पर कांग्रेस एवं एक पर झामुमो काबिज है. जयराम के वोट बैंक की बात करें तो स्थानीय कुर्मी महतो इनके कोर वोटर बन गए हैं जिनकी बहुलता सिन्दरी एवं टुंडी में है. बाघमारा में भी जयराम के वोटर निर्णायक भूमिका में हैं. धनबाद, झरिया एवं निरसा विधानसभा में इनकी संख्या कम है. कुर्मी महतो के साथ ही कुछ अन्य स्थानीय युवा भी जयराम के वोटर हैं. लोकसभा चुनाव की बात करें तो धनबाद विधानसभा से जयराम की पार्टी से खड़े निर्दलीय उम्मीदवार अखलाक को 8200, झरिया से 3500, सिन्दरी से 19400, निरसा से 2300 वोट मिले थे. गिरिडीह लोकसभा से खड़े जयराम को टुंडी विधानसभा से 60000 एवं बाघमारा से 47000 वोट मिले थे. लोकसभा चुनाव में मिले वोट के आधार पर देखा जाए तो जयराम धनबाद की छह विधानसभा में से सिन्दरी, टुंडी एवं बाघमारा में किसी का भी खेल बिगाड़ सकते हैं.



जयराम महतो

### लोस चुनाव में दिए चौंकाने वाले नतीजे

गिरिडीह लोकसभा में तो जेबीकेएसएस के प्रमुख जयराम महतो ने 03 लाख, 47 हजार, 322 मत प्राप्त कर लिए थे. रांची लोकसभा सीट से देवेंद्र नाथ महतो ने 01 लाख, 32 हजार, 647 मत लाकर तीसरा स्थान प्राप्त कर सबको चौंका दिया था. वहीं हजारीबाग में भी जेबीकेएसएस के निर्दलीय उम्मीदवार संजय मेहता ने 01 लाख, 57 हजार, 977 वोट हासिल किए थे. इसी तरह धनबाद से जेबीकेएसएस की ओर से निर्दलीय प्रत्याशी अखलाक अंसारी को 79653 मत, सिंहभूम लोकसभा सीट से दामोदर सिंह हांसदा को 44292 मत और कोडरमा लोकसभा सीट से मनोज यादव ने 28612 मत पाए थे और तीसरा स्थान प्राप्त किया था.

### किसका खेल बिगाड़ेगी जेएलकेएम

जयराम महतो के ज्यादातर वोटर आजसू के पाले में थे. आजसू इस विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ है कहा जा सकता है कि जयराम भाजपा को ज्यादा नुकसान पहुंचाएंगे. इसके साथ ही झामुमो के कुर्मी महतो उम्मीदवार को भी यह वोट मिलते रहे हैं. तो सीधे तौर पर यह नहीं कहा जा सकता है कि जयराम की कैंची किसके वोट पर ज्यादा चलेगी. खैर जो भी हो लेकिन धनबाद जिले की तीन विधानसभा सीटों पर जेएलकेएम की भूमिका बहुत अहम होगी. आंकड़ों के आधार पर बात करें तो धनबाद विधानसभा से भाजपा ने 30 हजार वोट से जीत दर्ज की थी जबकि लोकसभा चुनाव में अखलाक को धनबाद विस में 8200 वोट ही मिले थे. इसके साथ ही झरिया में कांग्रेस ने 12 हजार वोट से जीत दर्ज की थी और लोकसभा में अखलाक को 3500 वोट ही मिले थे. इसी प्रकार निरसा विधानसभा में भाजपा 25 हजार वोट से जीती थी जबकि अखलाक को लोकसभा में यहां से 2300 वोट ही मिल सके. इन तीन विधानसभा में जयराम की कैंची ज्यादा असर नहीं करेगी.

आदिवासी युवती हत्याकांड

# फॉरेंसिक टीम ने उठाये नमूने

**संवाददाता। गोविंदपुर**

गोविंदपुर थाना अंतर्गत बरियो आदिवासी टोला की पार्वती मुर्मू प्रकरण में शुक्रवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई. रिपोर्ट में पार्वती मुर्मू की मौत का कारण हैंगिंग बताया गया है. रिपोर्ट के अनुसार कोई बाहरी चोट नहीं है. बिसरा रिजर्व रखा गया है.

वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री रांची की टीम डॉ अमित कुमार के नेतृत्व में पार्वती मुर्मू के घर पहुंची और उसके घर का नमूना संग्रह किया. टीम ने घटनास्थल की तहकीकात की और वैज्ञानिक तरीके से मामले की जांच पड़ताल की. पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद के आवेदन पर हिरासत में लिए गए पांच युवकों की मेडिकल जांच के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद के प्राचार्य ने मेडिकल बोर्ड का गठन किया है. इसमें रेडियोलोजी, पैथोलॉजी, सर्जरी, क्लीनिकल एवं एफएमटी के विभागाध्यक्ष शामिल हैं. हिरासत में लिए युवकों में मुकेश किस्कू, अजय मुर्मू, प्रकाश मुर्मू, बानेश्वर मरांडी एवं वीरेंद्र कुमार पंडित शामिल हैं. प्रेमी ने पुलिस को दिए गए बयान में कहा है कि वर्ष 2021 से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनों में शारीरिक संबंध भी थे. पुलिस उपाधीक्षक शंकर कांति, पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद एवं कांड की अनुसंधानकर्ता अमृता खालको ने हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ की. इसके बाद इन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया. पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा कि पुलिस यथाशीघ्र मामले का उद्वेदन कर लेगी और इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा.

## ब्रीफ खबरें

### सतर्कता जागृति कार्यशाला आयोजित

**धनबाद।** बीसीसीएल मुख्यालय में शुक्रवार को उत्खनन विभाग द्वारा सतर्कता जागुरूकता पर विशेष कार्यशाला आयोजित किया गया.कार्यक्रम के दौरान विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे.वहीं उत्खनन विभाग के प्रमुख आनंद दुबे ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी पूर्वक कार्य करने की अपील की.उन्होंने कहा की कर्मियों और अधिकारियों का हर जरूरी काम का निस्पादन समय पर जरूरी है.मौके पर विनोद कुमार,कुमार विमल,रंजन कुमार सहित अन्य मौजूद थे.

### टाइफाइड से बिरहोर युवती की मौत

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के दुमदुमी पंचायत अंतर्गत चलकारी गांव निवासी एक बिरहोर युवती चंचला कुमारी (14) की मौत टाइफाइड से गुरुवार की देर रात हो गई. मृतका के पिता का नाम चरका बिरहोर है. प्राप्त जानकारी के अनुसार चंचला कुमारी पिछले कुछ दिनों से टाइफाइड से ग्रस्त थी. इलाज के लिए उसे एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया था. इलाज के बाद वह अपने परिजनों के साथ घर लौटी, जहां गुरुवार की देर रात उसकी मौत हो गई.

### छात्र के साथ मारपीट पुलिस से की शिकायत

**मधुबन ।** मधुबन में डीपीएल मेमोरियल प्लस 2 विद्यालय के बारहवीं के छात्र की पिपराटांड में कई लड़कों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र के मामा विनय कुमार मिश्रा ने मधुबन पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपी छात्र दीपक कुमार यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, विद्यालय में दोनों छात्रों के बीच कहासुनी हुई थी, जिसके बाद आरोपी छात्र ने अपने साथियों के साथ पीड़ित छात्र की पिटाई की। मामले की जांच में मधुबन पुलिस जुट गई है।

# जेजीजीएलसीसीई : 540 से अधिक सिपाही प्रतिनियुक्त

संवाददाता। धनबाद

धनबाद । झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 (जेजीजीएलसीसीई 2023) को लेकर उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार की ब्रीफिंग से छूट गए दंडाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट, फ्लाइंग स्क्वॉड तथा पुलिस पदाधिकारियों के लिए शुक्रवार को विशेष ब्रीफिंग का आयोजन न्यू टाउन हॉल में किया गया. इस अवसर पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने परीक्षार्थियों के लिए सीटिंग प्लान, कोषागार से प्रश्न पत्रों का डिस्पैच, प्रश्न पत्र वितरण की एसओपी, परीक्षा संपन्न होने के बाद प्रश्न पत्रों की सीलिंग, वापस स्ट्रांग रूम में लाना, सुचारू यातायात व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. वहीं सिटी एसपी अजीत कुमार ने कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को उनके कार्ययोजना से अवगत कराते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों में तैनात सभी जवान व पदाधिकारी अपने दायित्व का गंभीरता से निर्वाहन करते हुए आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंगे. उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर 540 से अधिक पुलिस जवान व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है. परीक्षा बाधित करने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी और कदाचार करते पकड़े जाने पर सेंटर सुपरिंटेंडेंट द्वारा परीक्षार्थी पर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा. उल्लेखनीय है कि झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 में लगभग 29000 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे.

### परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में रहेगी निषेधाज्ञा

झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा – 2023 जिले के 74 परीक्षा केन्द्रों पर शनिवार रविवार को तीन पालियों में आयोजित की जाएगी . अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने कदाचारमुक्त तथा शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का संचालन कराने के लिए शनिवार एवं रविवार को जिले के सभी 74 परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि तक भा .ना .सु .सं . की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है . निषेधाज्ञा के दौरान परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्रों के अगल–बगल अनावश्यक भीड लगाना, अवैध रूप से मटरगश्ती करना, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी प्रकार की गतिविधि एवं वस्तु का उपयोग करने आदि पर प्रतिबंध रहेगा .

# एल बी सिंह समेत पांच रिहा

संवाददाता। धनबाद

**धनबाद :** सीबीआई के निर्देश पर कुसुंडा एरिया के आदर्श नगर शिमला बहाल मे सडक के मापी के लिए पहुंचे बीसीसीएल अधिकारीयों मे दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग करने के एक मामले के आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने अधिवक्ता विकास भुवानिया की दलील सुनने के बाद मामले के नामजद आरोपी भाजपा के टिकट के रेस में शामिल ठेकेदार एल बी सिंह,भाई कुंभनाथ सिंह, भरत सिंह, ओम प्रकाश सिंह एवं मिथिलेश सिंह को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया । बचाव पक्ष की ओर से यह दलील दी गई की अभियोजन के सभी गवाहों के बयान विरोधाभासी थे, किसी ने घटना कारित करते आरोपीयों को नही देखा था। केवल संदेह के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया। प्राथमिकी कुसुंडा एरिया नंबर छह के कनिय अभियंता विनय कुमार ठाकुर के शिकायत पर झरिया थाने में 30 जून 12 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक सीबीआई धनबाद में बीसीसीएल अधिकारियों को बीसीसीएल के 26 कार्य स्थल का निरीक्षण करने का निर्देश दिया था आदेश के आलोक में एक टीम का गठन किया गया था टीम में मुख्य प्रबंधक आरपी सिंह, प्रबंधक डीके सिंह, विमल प्रसाद पाठक इंजीनियर ,डीएन सिंह इंजीनियर, एस के झा सीबीआई इंस्पेक्टर एवं मुख्य प्रबंधक सिविल विजलेंस बी एन कुमार शामिल थे जो कार्य स्थल का निरीक्षण एवं मापी करने के लिए आदर्श नगर शिमला बहाल शिव मंदिर के पास पहुंचे थे जैसे ही वहां इन लोगों के द्वारा कार्य शुरू किया गया की कॉलोनी की ओर से चार-पांच युवकगोली चलाते हुए आए और फायरिंग किया और गाली गलौज करते हुए वहां से भाग गए प्राथमिकी में आरोप था कि उक्त सभी 26 कार्य ठेकेदार डी के सिंह को आवंटित किया गया था जिसका देख रेख ठेकेदार कुंभनाथ सिंह कर रहे थे प्राथमिकी में आरोप था की अधिकारीगण किसी तरह से वहां से जान बचाकर भागे थे।

## न्यूज अपडेट

### महेशपुर में जमीन पर बने गोफ की भराई



**मधुबन ।** महेशपुर में जमीन पर बने गोफ की मधुबन कोलियरी प्रबंधन ने शुक्रवार को मशीन से भराई की। यह गोफ महेशपुर फुटवाल ग्राउंड के समीप एक माह में तीसरी बार बना था, जिससे स्थानीय लोग दहशत में थे। पहले गोफ बनने पर प्रबंधन ने सुरक्षा के लिए तार से घेराबंदी की थी। अब भराई होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। मौके पर पीओ बिजय कुमार, प्रबंधक नारायण हांसदा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**महुदा ।** महुदा में कपुरिया पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किया गया, जहां सैकड़ों महिला और पुरुषों ने विभिन्न योजनाओं के लिए फॉर्म भरे। शिविर में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांगता पेंशन सहित अन्य योजनाओं के स्टॉल लगाए गए। जिप सदस्य आशा देवी, मुखिया ममता देवी और प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. नबी हुसैन अंसारी ने शिविर का शुभारंभ किया। शाम तक विभिन्न योजनाओं के 630 से अधिक फॉर्म जमा हुए। मुखिया ममता देवी ने शिविर समापन पर सभी अधिकारियों और ग्रामीणों का आभार प्रकट किया।

### ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य को रोका



**महुदा।** महुदा और कपुरिया के बीच स्थित मुख्य सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य को ग्रामीणों ने शुक्रवार को रोक दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पूरा सड़क ग्रामीण क्षेत्र में है, इसलिए काम की गुणवत्ता को सही से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने संवेदक के कर्मियों से कहा कि प्रक्कलन के अनुसार ही काम होना चाहिए। ठेकेदार के लोगों ने शनिवार को प्रक्कलन दिखाने का आश्वासन दिया, लेकिन ग्रामीण जिद पर अड़े रहे। महुदा पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन स्थिति समान्य देखकर वापस लौट आई।

### सरकार आपके द्वार में 639 आवेदन निष्पादित, 632 प्रक्रियाधीन

**धनबाद ।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शुक्रवार को 639 आवेदनों का निष्पादन किया गया. वहीं शिविरों में 6511 आवेदन प्राप्त हुए. इसमें फोकस स्कीम के 3931 आवेदनों में 25 तथा बेनेफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम के 1539 में 157 आवेदन निष्पादित किए गए. वहीं 241 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया.

शिविरों में विभिन्न प्रकार की 216 शिकायतों का निवारण ऑन द स्पॉट किया गया.

जबकि शुक्रवार को प्राप्त 632 आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में है.

राज्य सरकार की फोकस स्कीम में अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 220, अबुआ आवास के 3219, सर्वजन पेंशन 208, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 117, जाति प्रमाण पत्र के 72, आवासीय 51 व आय प्रमाण पत्र के 44 आवेदन प्राप्त हुए. इसमें सर्वजन पेंशन के 20, जाति प्रमाण पत्र के 4 तथा आय प्रमाण पत्र के 1 आवेदन को निष्पादित किया गया. वहीं बेनेफिशरी ओरिएंटेड स्कीम*₹ में वृद्धा पेंशन के 65, विधवा पेंशन 14, दिव्यांगजन पेंशन 15, आयुष्यमान कार्ड वितरण के 43 तथा 1402 अन्य आवेदन प्राप्त हुए. जिसमें विभिन्न पेंशन योजना के 20, आयुष्यमान कार्ड वितरण के 35 तथा 102 अन्य आवेदन निष्पादित किए गए. शिविरों के दौरान ऑन द स्पॉट 241 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया.

# तीन दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर लगा



संवाददाता। धनबाद

**धनबाद ।** रोटरी क्लब ऑफ धनबाद और अन्य संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को त्रिदिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे. शिविर के पहले दिन 35 दिव्यांगजनों का चयन और माप लिया गया. रविवार को चयनित लाभार्थियों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे. इस शिविर में अब तक 5000 से अधिक दिव्यांगजनों को लाभ पहुंचाया जा चुका है. रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के अध्यक्ष राहुल व्यास ने कहा, कि हमारा उद्देश्य समाज के पिछड़े और जरूरतमंद वर्ग की सेवा करना है. रोटरी जेरी पॉवेल जयपुर लिंब सेंटर के प्रोजेक्ट चेयरमैन विकास शर्मा ने बताया कि हमारा केंद्र पिछले 16 वर्षों से दिव्यांगजनों की सेवा में लगा हुआ है. इस कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर को रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा संचालित रोटरी जेरी पॉवेल जयपुर लिंब सेंटर, श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, रांची शाखा, राउंड टेबल धनबाद, इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद एवं कतरास तथा जैन समाज स्थानकवासी, बड़ा गुरुद्वारा, बैंक मोर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है.

# बीसीसीएल के क्षेत्रीय अस्पतालों में स्पेशलिस्ट डॉक्टर की कमी

## बेहतर इलाज के लिए कोलकर्मी परेशान

**खास बातें**

- कोलकर्मि बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर

संवाददाता। धनबाद

धनबाद में बीसीसीएल के क्षेत्रीय अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी एक बड़ी समस्या है, जिसका सीधा असर कोलकर्मियों और उनके परिवारजनों पर पड़ रहा है। कंपनी प्रबंधन ने इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रयास किया है, लेकिन अब तक परिणाम संतोषजनक नहीं हुए हैं । वर्तमान में, बीसीसीएल में पांच क्षेत्रीय अस्पताल हैं, लेकिन सभी में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी की समस्या बनी हुई है। इससे मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, बीसीसीएल को विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती पर ध्यान देना होगा और उनके लिए आकर्षक वेतन पैकेज और कार्य स्थितियां प्रदान करनी होंगी। साथ ही, अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विकास करना भी जरूरी है ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके।

### क्षेत्रीय अस्पतालों का नाम,कहां है कमी.

बीसीसीएल के पांच क्षेत्रीय अस्पतालों में तिलाटाड़, लोयाबाद, बस्ताकोला, बाघमारा और जेलगोड़ा अस्पताल शामिल हैं। इन सभी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है, जिसमें स्त्रीरोग स्पेशलिस्ट डॉक्टर, हड्डी रोग विशेषज्ञ और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी कई दिनों से है [1]। इसके अलावा, अस्पतालों में मेडिकल टूल्स की भी कमी है, जिससे कोलकर्मियों को आउटडोर में इलाज के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### कोलकर्मी आउटडोर में इलाज के लिए मजबूर

बीसीसीएल के क्षेत्रीय अस्पताल की वर्तमान व्यवस्था के कारण लगातार कोल कर्मी अपना बेहतर इलाज निजी अस्पतालों में कराने को विवश है .इसलिए कर्मी इन दिनों लगातार अपना बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर है,चुकी बीसीसीएल के अस्पतालों में समुचित इलाज की कमी बरकार है .

## आसनसोल

# रानीगंज में पत्नी की हथौड़े से पीट-पीटकर हत्या, इलाके में सनसनी

## पुलिस ने इलाके की घेराबंदी, विशेष फोरेंसिक टीम को बुलाया

**खास बातें**

- आरोपी पति 40 वर्षीय गुड्डु शर्मा को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- घटना के पीछे का कारण बताया जा रहा है पारिवारिक विवाद



संवाददाता। रानीगंज

रानीगंज के शिशु बागान इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना में एक पति ने अपनी पत्नी की हथौड़े से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। 35 वर्षीय शिल्पा शर्मा को उसके पति 40 वर्षीय गुड्डु शर्मा ने घर में पारिवारिक विवाद के दौरान एक कमरे में बंद कर दिया और उसके सिर पर हथौड़े से वार किया। पड़ोसियों ने चीख-पुकार सुनकर मौके पर जाकर शिल्पा को लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ पाया और पुलिस को सूचना दी। मालूम हो कि बेरोजगार गुड्डु का अपनी पत्नी शिल्पा से कई कारणों से विवाद होता रहता था। उनके बीच अक्सर झगड़ा होता था, लेकिन इतनी बेरहमी से हत्या करने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और विशेष फोरेंसिक टीम को बुलाया है ताकि घटना की जांच की जा सके। पुलिस अधीकारी ने बताया कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों में आक्रोश है। लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### दुर्गापुर में इंजीनियरिंग दिवस मनाया गया

**दुर्गापुर ।** साक्टोरिया में सीएसआईआर-सीएमईआरआई दुर्गापुर में इंजीनियर्स दिवस समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन 15 सितंबर के बजाय 18 सितंबर, 2024 को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में निदेशक डॉ एन सी मुर्मू ने स्वागत भाषण दिया और वर्तमान परिदृश्य में इंजीनियर्स दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। ईसीएल के निदेशक (तकनीकी) श्री नीलाद्रि रॉय ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और कोयला उद्योग में एआई के उपयोग, सुरक्षा पहलुओं और इंजीनियरिंग नवाचार के महत्व पर बात की। कार्यक्रम के दौरान, ग्रीस के एथेंस के राष्ट्रीय तकनीकी विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शोधकर्ता डॉ कोस्टास लाटूफिस ने 'ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए छोटे पवन टरबाइनों के डिजाइन और निर्माण' पर अतिथि व्याख्यान दिया। यह व्याख्यान सीएसआईआर-सीएमईआरआई दुर्गापुर के साथ सहयोगी अनुसंधान के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया।

# बराकर में 75वीं मनसा पूजा का भव्य आयोजन



संवाददाता। बराकर

बराकर में न्यू कल्याण समिति द्वारा मां मनसा मंदिर में 75वीं मनसा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन हर साल की तरह हनुमान चढ़ाई स्थित मनसा मंदिर में हुआ। आयोजक कमेटी के सदस्यों ने बताया कि स्थानीय लोगों के सहयोग से पूजा का आयोजन किया गया और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। पंडित विश्वजीत चटर्जी ने धार्मिक रीति-रिवाज से पूजा की। तपशिली क्लब ने हनुमान चढ़ाई के फुटबॉल मैदान में मां मनसा की भाव पूजा का आयोजन किया। शनिवार को कार्यक्रमों के समापन के बाद माता मनसा की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से होगा, जिसमें स्थानीय लोग शामिल होंगे। आयोजकों ने बताया कि सच्चे मन से मां मनसा की पूजा करने पर माता का आशीर्वाद बना रहता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय बाउरी, उमेश मंडल, बापी बाउरी, कार्तिक बाउरी, मंटू जीतन बाउरी और अन्य युवाओं का सराहनीय योगदान रहा।

### जमुरिया में लगा संपत्ति कर शिविर

**रानीगंज।** जमुरिया चैंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वाधान में आज चैंबर कार्यालय में आसनसोल नगर निगम की औरसे संपत्ति कर शिविर लगाया गया था जहां संपत्ति कर पर लोगों को विशिष्ट छूट दी गई दस प्रतिशत के हिसाब से ।चैंबर के माध्यम से जमुरिया वासियों के लिए यह बहुत बड़ी सौगात रही जहां कुल ५६ लाख रूपए कर के रूप में लोगों से प्राप्त हुए। चैंबर के अध्यक्ष श्री जयप्रकाश डोकनिया ने कहा की हमारी यह पहल रहेगी की यहां के लोगों को अपना कर चुकाने में मुसीबत का सामना ना करना पड़े साथ ही उन्हें एक छूट भी मिले इसी को ध्यान में रखकर आज यह एक दिवसीय शिविर लगाया गया। वही चैंबर के सचिव महेश सांवरिया ने कहा कि हमारी आगे भी इस तरह की सुविधाओं को देखते हुए शिविर आयोजित किए जाएंगे जहां लोगों कि असुविधा को ध्यान में रखा जाएगा ,कुछ दिनों पहले ही मेट्रोलॉजिकल विभाग का भी शिविर लगाया गया था जहां व्यवसायों ने अपने माप जंत्र का रिन्यूअल करवाया था। इस मौके पर नगर निगम की औरसे जयश्री रॉय, सागरिका गोस्वामी, सुभ्रा सिंह मौजूद रहीं।

# आदिकर्ण फाउंडेशन ने कुल्टी में चलाया सफाई अभियान



**खास बातें**

- स्वच्छ भारत मिशन प्रधानमंत्री जी का सबसे बड़ा सफल मिशन कार्यक्रम है : संतोष

संवाददाता। बराकर

आदिकर्ण फाउंडेशन ने रेल नगर निगम के सहयोग से कुल्टी स्टेशन के बाहर सफाई जागरूकता अभियान चलाया। बराकर में आदिकर्ण फाउंडेशन के बैनर तले आसनसोल नगर निगम और कुल्टी स्टेशन के मुख्य मेडिकल निरीक्षक, कुल्टी स्टेशन मास्टर, आरपीएफ जवानों की उपस्थिति में यह अभियान चलाया गया। आदिकर्ण फाउंडेशन के चेयरपर्सन संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन प्रधानमंत्री जी का सबसे बड़ा सफल मिशन कार्यक्रम है। आज पूरा देश उनके जन्मदिन से स्वच्छता कार्यक्रम लगातार राज्य, जिला, निगम, पंचायत के ग्रामीण इलाके में स्वच्छता अभियान चला रहा है। वर्मा ने कहा कि कुल्टी स्टेशन के मुख्य प्रवेश पर स्थानीय दुकानदारों और आसपास के रहने वाले लोगों ने कचरा जमा कर रखा था, जिससे बदबू हो रही थी। सीतारामपुर मुख्य मेडिकल निरीक्षक कमलेश कुमार ने इसकी जानकारी दी। आसनसोल नगर निगम के मेयर ने आदिकर्ण फाउंडेशन की ओर से दिया गया आवेदन पत्र गंभीरता से लिया और स्वच्छ भारत अभियान में आसनसोल नगर निगम की टीम को मदद करने के लिए भेजा।

# डी.ए.वी पब्लिक स्कूल में हिंदी सप्ताह समारोह संपन्न

## हिंदी भाषा की सरलता और व्यापकता पर किया मार्गदर्शन



संवाददाता। रानीगंज

रानीगंज लायंस जे.डी.एम चनानी डी.ए.वी पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मंदिरा दे ने हिंदी के जनक भारतेंदु हरिश्चंद्र जी को पुष्प अर्पित करते हुए किया। उन्होंने हिंदी भाषा की सरलता और व्यापकता पर विस्तार से मार्गदर्शन किया। हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय में एक सप्ताह की विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य हिंदी भाषा की महत्ता को समझना और उसे विद्यार्थियों के बीच लोकप्रिय बनाना था। हिंदी सप्ताह के उपलक्ष्य में कविता पाठ, भाषण, नारा लेखन, हिंदी कोलाज निर्माण और वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत 14 सितंबर से हुई। प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह, कोलाज निर्माण प्रस्तुति, नारा लेखन प्रतियोगिता और वाद-विवाद प्रतियोगिता रखा गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सोशल मीडिया के प्रभाव पर चर्चा हुई। हिंदी दिवस के समापन समारोह में विद्यार्थियों को प्राचार्या महोदया ने धन्यवाद दिया और हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया। साथ ही हिंदी शिक्षकों को धन्यवाद और बधाई दी।

### छात्राओं ने नृत्य, संगीत पाठ का आयोजन किया



**बराकर।** कुल्टी कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ प्रतिभा प्रसाद के नेतृत्व में कॉलेज परिसर में हिंदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री राजकुमार राय और बर्दवान विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ शशि कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर और फूलों का गुलदस्ता देकर किया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ प्रतिभा प्रसाद ने राजभाषा हिंदी के संवैधानिक स्वरूप और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अनुच्छेद 343, 344, 345 और 351 का उल्लेख किया और हिंदी की गरिमा को दर्शाया। छात्राओं ने स्वागतम गीत प्रस्तुत किया, भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और कविता पाठ किया। नुक्कड़ नाटक और हिंदी की मानो व्यथा का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

▼ ब्रीफ खबरें

## दो दिन बाद किशोर का शव बरामद

**गोड्डा।** नदी में डूबने से हुई मौत के बाद किशोर की लाश को दो दिन बाद एनडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया. घटना हनवारा थाना अंतर्गत ग्राम विश्वाशखानी की है. गांव के ही चंदर तांती का पुत्र रूपेश कुमार (14) वर्ष बीते बुधवार को अपने दो अन्य साथियों के साथ गांव की बाहरी सीमा पर बहने वाली गेरुवा नदी में नहाने के लिए गया हुआ था. बरसात की वजह से नदी का पानी ऊफान पर था. घटना की जानकारी होने पर गांव वाले जुटे और अपने स्तर से शव को ढूंढ निकालने का बहुत प्रयास किया मगर कोई सफलता नहीं मिल पाई. एनडीआरएफ की टीम ने पहुंच कर नदी में शव को खोजने का प्रयास किया मगर शव को नहीं खोजा जा सका. शुक्रवार की दोपहर घटित स्थान से कुछ मीटर आगे शव को निकाल लिया गया. शव को निकाले जाने के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था. घटना को लेकर पुलिस ने भी आवश्यक पड़ताल किया.

## मायके में नवविवाहिता ने की आत्महत्या

**कथारा।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र में 23 वर्षीय निशा कुमारी ने कथारा ऑफिस कालोनी में अपने मायके में आत्महत्या कर ली. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. परिजनों का कहना है कि निशा की शादी 6 महीने पहले हुई थी और वह रक्षाबंधन पर मायके आई थी. दामाद ने फोन पर तलाक देने की बात कही थी, जिससे निशा परेशान थी. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा. इस घटना से पिता अशोक रवानी, माँ रीना देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

## सदर अस्पताल में 15 यूनिट रक्तदान

**बोकारो।** बीबीडीए के द्वारा सीसीएल, कथारा में शुक्रवार को सदर अस्पताल में तेरापंथ युवक परिषद व बोकारो ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने साथ मिल कर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया. इस शिविर में संस्था के मनोज कुमार, मिथिलेश कुमार, जयप्रकाश बाउरी, संजीव कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा. रक्तदान करने वालों में चंदन बांठिया, विनय बैद, सिद्धार्थ जैन, संजीव कुमार समेत अन्य ने कुल 15 यूनिट रक्तदान किया. यह रक्त थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए वरदान साबित होगा. ज्ञात हो कि बोकारो ब्लड डोनर्स एसोसिएशन और तेरापंथ युवक परिषद लगातार रक्तदान शिविर के माध्यम से विभिन्न रक्त बैंक में रक्त उपलब्ध करा रहा है.

## पूर्वजों की पुण्यतिथि पर करें पौधरोपण : पांडेय

**गावां (गिरिडीह)।** पर्यावरण के संरक्षण और पेड़ों को बढ़ाने एवं बचाने के लिए अब तरह-तरह के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. वहीं महान आचार्यों द्वारा भी वृक्ष को लगाने का आह्वान किया जा रहा है. इस पर पंडित पुरुषोत्तम पंडित कहते हैं कि पितृपक्ष में हम सभी अपने पितरों का तर्पण एवं पिंडदान करते हैं. साथ ही ब्राह्मणों को भोजन भी करवाया जाता है. जिससे हमारे पितृ तृप्त होते हैं. हम सभी को अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि पर पौधरोपण भी करना चाहिए क्योंकि वृक्ष हमारे पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है. साथ ही बारिश करवाने में सहायक होते हैं.

## 13 दिनों तक निःशुल्क ईलाज करेंगे डॉ0 एसपी सिंह




**देवघर।** देवघर निवासी पूर्व सरकारी अधिकारी स्व वशिष्ट नारायण सिंह का देहावसान गुरुवार को हो गया था. उनके पुत्र देवघर के जाने माने कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ० एसपी सिंह ने बताया कि पुरणदाहा के कमलकोठी स्थित उनके निजी क्लीनिक पर 20 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आने वाले सभी मरीजों को निःशुल्क इलाज की सुविधा देंगे. उनका कहना है कि ऐसा कर वे अपने पिता को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकेंगे. ज्ञात हो कि डॉ० एसपी सिंह वैसे भी गरीबों के लिए हमेशा मददगार रहे हैं.

# उत्पाद सिपाही बहाली में एक युवक की गई जान, 6 की तबीयत बिगड़ी

### मृतक के भाई ने प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप

संवाददाता। गिरिडीह



उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया ने शुक्रवार की सुबह फिर एक युवक की बलि ले ली. इस बार जिला अंतर्गत धनबार प्रखंड निवासी 28 वर्षीय युवक बिरंचि राय नौकरी में की चाह में अपनी जान गवां बैठा. मामले में मृतक के भाई चंदन राय ने सदर अस्पताल में बताया कि बिरंचि उत्पाद सिपाही की बहाली में शामिल होने आया था. शुक्रवार की सुबह दौड़ में शामिल हुआ. दौड़ के दौरान उसने करीब 1800 मीटर पूरा कर लिया था, इसके बाद उसकी सांस फूलने लगी. तबीयत बिगड़ने के बाद उसे प्रशासन के द्वारा ही किसी तरह सदर अस्पताल लाया गया. सदर अस्पताल में बिरंचि की जांच के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया.

मृतक के भाई चंदन ने आरोप लगाया है कि जिस स्थल पर दौड़ हो रही है, वहां मेडिकल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है. कहा कि लापरवाही के कारण मेरे भाई को जान गंवानी पड़ी. जानकारी के अनुसार दौड़ के क्रम में शुक्रवार की सुबह 6 युवकों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इनमें निमिया घाट के संतोष कुमार, सरिया के राजकुमार सिंह, हजारीबाग के खुशनवाज आलम, पश्चिमी सिंहभूम के धर्मदास, कोडरमा के त्रिभुवन यादव तथा रामगढ़ के बबलू बेदिया शामिल है. मामले की जानकारी मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों से बात की. थाना प्रभारी अस्पताल में भर्ती अभ्यर्थी से भी भेंट किया.

## नशे का आदि युवक ने ली एक की जान

**गिरिडीह।** डेंड्रिराइट नशे का आदि एक युवक ने बच्चू रजक नामक एक व्यक्ति को पत्थर से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया, जिसकी सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई. जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह हत्या की यह वारदात शहर के कालीबाड़ी चौक के पास हुई है. हत्यारा और मृतक दोनों शहर के शास्त्री नगर के निवासी हैं. घटना के बाद स्थल पर मौजूद लोगों ने आरोपी युवक करण को पकड़ा और मामले की जानकारी नगर थाना प्रभारी शैलेष प्रसाद को दी. आरोपी को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है. जानकारी के अनुसार आरोपी युवक करण सिंह और बच्चू के बीच कोई दुश्मनी नहीं थी. आरोपी नशे का आदी था. नशे में रहने के कारण करण ने बच्चू पर पत्थर से जानलेवा हमला किया. सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में बच्चू की मौत हो गई. बच्चू हादसे के वक्त ड्यूटी के लिए जा रहा था. वह शहर के एक कांटी फैक्ट्री में काम करता था.

## घर पर गिरा पेड़, बाल-बाल बचा परिवार



**गावां (गिरिडीह)।** गुरुवार की शाम गावां प्रखंड के डाबर में नकुल शर्मा के घर पर वर्षों पुराना पीपल का पेड़ गिर गया. इससे घर का अधिकांश हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. गनीमत रही कि पेड़ गिरने का अभास होते ही परिवार के सभी लोग घर से बाहर निकल आए . इससे एक बड़ा हादसा टल गया. लेकिन पेड़ गिरने से घर में रखा कुछ अनाज समेत हज़ारों रुपये का घरेलू सामान बर्बाद हो गया. ग्रामीणों के अनुसार नकुल शर्मा यजमानी करके परिवार का गुजारा करते हैं, उनकी 7 पुत्री है. इधर, घटना की सूचना पर शुक्रवार को 20 सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह उनके घर पहुंचे और वस्तुस्थिति का जायजा लिया. उन्होंने बीडीओ से बात कर पीड़ित परिवार को तत्काल अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने की बात कही. इसके अलावा सीओ से सरकारी प्रवाधान के तहत उचित मुआवजे दिलाने की मांग की. कहा कि परिवार की माली स्थिति काफी खराब है. जिसको देखते हुए पार्टी की ओर से भी सहयोग किया जायेगा.

## एनएसयूआई के राष्ट्रीय समन्वयक बने आयुष

**गिरिडीह।** शहर के आयुष सिन्हा कांग्रेस के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय समन्वक बनाए गए हैं. एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने इस आश्य का पत्र गुरुवार की रात जारी की है. मालूम हो कि इससे पूर्व आयुष जिला एवं प्रदेश में एनएसयूआई के कई पदों पर रहे हैं. यहां काबिले गौर है कि झारखंड से दो लोगों को यह जिम्मेदारी दी गई है . उनमें से एक गिरिडीह के आयुष हैं वहीं दूसरी आरुषि वंदना है. आयुष सिन्हा के मनोनयन पर कांग्रेस नेता आनंद कुमार वर्मा, अजय कुमार सिन्हा, उपेंद्र प्रसाद सिंह, नदीम अख्तर, कमलेश लोहानी आदि ने बधाई दी है. उक्त नेताओं ने कहा कि जोश से लवरेज आयुष सिन्हा भविष्य में और बड़ी कामयाबी हासिल करेंगे.

### मुरखारी मैदान में आयोजित परिवर्तन रैली को केन्द्रीय गृह मंत्री ने किया संबोधित

# भाजपा की सरकार बनी तो झारखंडी धाम होंगे देश में प्रसिद्ध : अमित शाह

**खास बातें**

- मोदी सरकार ने झारखंड को दिये 3 लाख 81 हजार करोड़
- झारखंड की खनिज संपदा से भर सकता है देश का खजाना

संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)



झारखंड धाम स्थित मुरखारी मैदान में शुक्रवार को परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखण्डी बाबा को नमन करते हुए कहा कि आप हमें राज्य में भाजपा की सरकार दो, हम झारखंड धाम को देश के प्रसिद्ध स्थल बना देंगें.

कहा कि इंडी गठबंधन के विधायकों और सांसदों के पास नोटों का खजाना कहाँ से आया. ये हेमन्त और आलमगीर का कमाया हुआ धन नहीं है. कहा कि कांग्रेस की सरकार में राज्य को मात्र 84 हजार करोड़ मिला और मोदी की भाजपा सरकार ने झारखंड को 3 लाख 81 हजार करोड़ दिया. उन्होंने कहा कि आप सरकार बदलिए, हम रोहगियों और बंगलादेशी घुसपैठियों को झारखंड से खदेड़ देंगें.

उन्होंने कहा कि झारखण्ड में हेमन्त की सरकार ने यहां के मूलवासी और आदिवासियों को सिर्फ छलने का काम किया है. अब इसे उखाड़ कर फेंक दिजिए, झारखण्ड को नम्बर वन राज्य मोदी की सरकार में बना देंगें. साथ ही भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाकर साधने का काम करेंगें. युवाओं को रोजगार , दलितों पिछड़ों का कल्याण करने के लिए ही परिवर्तन रैली आया है. सभा को संबोधित करते हुए झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी ने कहा कि झारखण्ड में हेमन्त की सरकार नौजवानों को नौकरी के बदले मौत दे रही है. अब तक 19 नौजवानों का मौत चुका है. हेमन्त की सरकार ने 5 लाख नौकरी के नाम पर वादा खिलाफी किया. इसलिए अब समय आ गया है झारखण्ड में परिवर्तन का, इसी को लेकर परिवर्तन सभा की शुरुआत की गई.

केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अनपूर्णा देवी ने कहा कि यह क्रांति देव भूमि से शुरुआत की गई है, इसलिए झारखण्ड में सरकार बदल देंगें. झारखण्ड में विधि व्यवस्था चौपट है, वर्तमान सरकार ने आमलोगों को सिर्फ ठगने का काम किया है.

पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने कहा कि झारखण्ड आंदोलन कड़ी मेहनत और ईमानदारी के साथ किया, ताकि झारखण्ड वासियों को लाभ मिले लेकिन कांग्रेस और झामुमो ने सिर्फ ठगने का काम किया है. उन्होंने कहा कि कहा घुसपैठिये पर लगाम नहीं है. अब इसे भाजपा ही रोक सकते हैं, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ही रोक सकते हैं. कार्यक्रम को पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने भी किया.

जमुआ विधायक ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह का झारखण्ड धाम देव स्थल में स्वागत किया. कार्यक्रम को महादेव दुबे, पूर्व सांसद रविन्द्र राय, विजय चौरसिया, अशोक उपाध्याय, विनय सिंह, जयप्रकाश वर्मा, लक्षमण स्वर्णकार, दिलीप वर्मा, दिनेश यादव, ननूलाल मरांडी सहित कई लोग मौजूद थे.

## प्रोडक्शन रीलेटेड पे के लिए कोक ओवन विभाग में प्रदर्शन



**बोकारो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ के सदस्यों ने प्रोडक्शन रिलेटेड पे की मांग को लेकर कोक ओवन सीजीएम कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन में कोक ओवन में कार्यरत अधिकतर कर्मियों ने भाग लिया. यह प्रदर्शन सेल प्रबंधन द्वारा एकतरफा बोनस, एएसपीएलआईएस फॉर्मुला लागू करने और कम बोनस राशि देने के खिलाफ किया गया. सेल प्रबंधन के इस फैसले से कर्मचारियों में काफी रोष है, खासकर तब जब कंपनी ने विगत दो वर्षों में एतिहासिक उत्पादन और लाभ कमाया है. प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हरिओम ने कहा कि प्लांट के बैनर पोस्टर पर 'हमारे कर्मचारी, हमारे गौरव' लिखने से कुछ नहीं होगा, अगर कर्मचारी रियल में गौरव है तो उसको सुविधा, वेतन तथा बोनस में दिखाना भी होगा. महासचिव दिलीप कुमार ने कहा कि प्रबंधन परस्त नेताओं के कारण अन्याय चरम पर है. अब हमें एकजुट होकर अपने हक के लिए लड़ना है.

# वन कर्मियों ने किया अवैध लकड़ी का कोयला जब्त

संवाददाता। बेंगाबाद

बेंगाबाद-मधुपुर एनएच 114 पर वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को गस्ती के दौरान एक पिकअप वैन को रोका. वैन में अवैध लकड़ी कोयला (चारकोल) की ढुलाई हो रही थी. चालक ने वनकर्मियों को देखकर वाहन खड़ा कर दिया और भाग गयो. वन विभाग ने वाहन जप्त कर लिया और क्षेत्रीय कार्यालय बेंगाबाद ले जाया गया. यह कार्रवाई वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी के निर्देश पर हुई.

वनकर्मी ने बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी को सखुआ के लकड़ी से निर्मित लकड़ी कोयले की अवैध परिवहन की गुप्त सूचना मिली थी. वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी के निर्देशानुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी सुरेश रजक के द्वारा एक टीम गठित की गई तथा मधुपुर-गिरिडीह मुख्य सड़क पर टीम के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया. चपुवाडीह के पास एक संदिग्ध पिकअप वाहन को देखा गया. वन विभाग की टीम को देखकर गाड़ी चालक ने कुछ दूर पहले ही उक्त गाड़ी को खड़ा कर दिया और उतरकर भागने लगा. वनकर्मियों द्वारा चालक का पीछा किया गया परंतु चालक फरार हो गया. गाड़ी से तिरपाल हटा कर देखा गया तो उस पर लगभग 35 बोरा लकड़ी कोयला (चारकोल) लदा हुआ पाया गया. उक्त वाहन में उस चारकोल से संबंधित कोई भी कागजात नहीं पाया गया. इसके बाद वन विभाग की टीम के द्वारा उक्त वाहन को जप्त कर क्षेत्रीय कार्यालय बेंगाबाद ले जाया गया है. इस घटना की विस्तृत अनुसंधान जारी है. फिलहाल वन अधिनियम के तहत इस घटना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज की जा चुकी है. मौके पर टीम में प्रभारी वनपाल दिवाकर कुमार, वनरक्षी राजेश कुमार पंडित, आशीष रंजन मिश्रा, पप्पू कुमार शर्मा आदि शामिल थे.

### संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023: जिला प्रशासन ने की तैयारी

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसी

संवाददाता। बोकारो

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के लिए उपायुक्त विजया जाधव ने जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की. उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के लिए मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता को निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि कोई भी भ्रामक खबर/अफवाह सोशल मीडिया पर फैलने न पाए. इसके लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी. उपायुक्त ने थाना प्रभारियों, बीडीओ-सीओ को होटल-लाज की तलाशी लेने और होटल संचालकों के साथ बैठक करने के लिए निर्देशित किया.

उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दी जाए. उपायुक्त ने आम जनों से अपील की है कि परीक्षा को लेकर किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष, स्थानीय बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी को अविलंब दें. नाम गुप्त रखते हुए अविलंब कार्रवाई की जाएगी.

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, होम गार्डों की प्रतिनियुक्ति और आवश्यक सेवाओं की व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिए गए हैं.

परीक्षा केंद्रों के बाहर एंबुलेंस, जरूरी दवाइयां और एएनएम की प्रतिनियुक्ति के लिए भी निर्देश दिए गए हैं. जिला स्तर पर कंपोजिट नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा. नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06542 247891, 06542 223475, और 06542 242402 है. नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी (मो. संख्या 9905158760) रहेंगे.

**परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 144 लागू**

**बोकारो।** झारखंड सामान्य स्नातक योगताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (जेएसएससी–सीजीएल) 21 व 22 सितंबर 2024 को होने वाली है. उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर दोनों अनुमंडल पदाधिकारी क्रमश: चास ओम प्रकाश गुप्ता, बेरमो अशोक कुमार ने अपने–अपने क्षेत्र अंतर्गत परीक्षा केंद्रों के बाहर 21 सितंबर को पूर्वाह्न आठ बजे से धारा 144 लागू करने का आदेश जारी कर दिया है. जिले के सभी 64 परीक्षा केंद्रों के बाहर 500 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू रहेगा. धारा 144 का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी. चास एवं बेरमो अनुमंडल क्षेत्र में 64 परीक्षा केंद्र बनाया गया है. जिले में 29,700 परीक्षार्थी 21 व 22 सितंबर को शामिल होंगे.

## स्वच्छता ही स्वस्थ्य जीवन का मूलमंत्र : डीडीसी



**बोकारो।** साफ-सफाई एक अच्छी आदत है. स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिए हर एक को यह आदत बनानी चाहिये. स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है. इसी के मद्देनजर देश में स्वच्छता की महती आवश्यकता को देखते हुए स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान शुरु किया गया. समाज में रहने वाले हर इंसान की जिम्मेवारी है कि वह अपने आस पास के माहौल को स्वच्छ रखें. उक्त बातें उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद शुक्रवार को नमामि गंगे अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा के तहत सदर अस्पताल परिसर में चलाये गए स्वच्छता अभियान में शामिल होने के बाद कहीं. मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमें न केवल सदर अस्पताल परिसर में बल्कि अपने दैनिक जीवन में भी स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए. उन्होंने मेडिकल कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार साझा किए. नमामि गंगे के जिला नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार ने कहा कि इस अभियान एवं पहल का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन जागरुकता फैलाना है. उन्होंने सभी को एक स्वच्छ और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया. अपने आस पास के जल श्रोतों, नदियों को भी स्वच्छ रखने की बात कहीं. इस अवसर पर सभी को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई गई.

## केबी कॉलेज में 23 को स्वच्छता कार्यक्रम

**कथारा।** 23 सितम्बर को झारखंड आंदोलन के पुरोधा स्व बिनोद बिहारी महतो की जयंती के अवसर पर केबी कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. उक्त जानकारी एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पत्रकारों को जानकारी दी. जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 23 सितम्बर को स्व बिनोद बिहारी महतो की जयंती मनाई जायेगी, जिस अवसर पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.जिसके सफल संचालन को लेकर बोकारो थर्मल थाना के थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा कथारा ओपी थाना प्रभारी राजेश प्रजापति को कार्यक्रम की जानकारी दी गई.

# तिसरी मुख्यालय में सरकारी जमीन का अतिक्रमण धड़ल्ले से जारी

### अंचल से नोटिस के बावजूद भी हो रहा कार्य, चार-पांच लोगों को किया जा चुका है नोटिस

संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)



तिसरी प्रखंड मुख्यालय में सरकारी भूमि का अतिक्रमण व खरीद-फरोख्त धड़ल्ले से जारी है. इसे रोकने में अंचल विभाग नाकाम साबित हो रहा है. मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका उच्च विद्यालय के पास स्थित सीएमआई कम्पनी के जमीन पर इन दिनों अतिक्रमणकारियों की गिद्ध नजर है. मुफ्त की जमीन लूटने के लिए अतिक्रमणकारी तरह-तरह के पैंतरे अपना रहे हैं . कस्तूरबा विद्यालय के पास स्थित जमीन पर पहले गड्ढा खोदा गया. जिसके बाद धीरे-धीरे उस जमीन पर पिलर का कार्य किया जाने लगा. इसी बीच अंचल कार्यालय से नोटिस कर कार्य रुकवाया गया. लेकिन अतिक्रमणकारियों की हौसले इस कदर बुलंद है कि नोटिस के बावजूद भी उक्त जमीन पर कार्य किया जा रहा था. उक्त जमीन पर कार्य किए जाने की सूचना पर गुरुवार को अंचल के कर्मचारी जितेंद्र कुमार पुनः कस्तूरबा विद्यालय के पास पहुंचे. उन्होंने बताया कि इस जगह पर जमीन अतिक्रमण के मामले में चार-पांच लोगों को नोटिस किया जा चुका है.

**बंदोबस्ती के नाम पर सरकारी जमीन के खरीद फरोख्त का चल रहा खेल**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कथित लोगों द्वारा बंदोबस्ती के नाम पर सरकारी जमीन को कब्जाने और उसके खरीद-फरोख्त का खेल किया जा रहा है . कथित लोगों द्वारा बंदोबस्ती के नाम पर किसी आदिवासी या दलित को खड़ा कर पहले सरकारी जमीन को कब्जा किया जाता है. फिर उसे बेचकर मोटी रकम वसूल की जाती है. इनके हौसले इस कदर बुलंद है कि अंचल विभाग से नोटिस होने के बावजूद भी इन जमीनों को कब्जाने का कार्य नहीं थमता. यह सारा खेल अंचलाधिकारी के सरकारी आवास के बगल में ही खेला जा रहा है.

**बाज़ार-हाट की जमीन खरीद-फरोख्त का भी आरोप**

वहीं आरोप है कि सरकारी बाजार हाट की जमीन को भी कथित लोगों द्वारा बेच दिया गया है जिस पर मकान बनाया जा रहा है. हालांकि अंचल विभाग ने इसपर भी नोटिस जारी किया है लेकिन निर्माण कार्य रुकने का नाम नहीं ले रहा. इसको लेकर समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने अंचल विभाग पर मिलीभगत का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि अंचल विभाग के मिलीभगत से ही इन सरकारी जमीनों का खरीद फरोख्त किया जा रहा है. वहीं इस मामले को लेकर तिसरी के अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद से पक्ष लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि इस मामले में नोटिस कर थाने को भी सूचित किया गया है. लेकिन उन्होंने कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से साफ इनकार कर दिया. उन्होंने कहा कि वह मीडिया में बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं. हालांकि अंचल विभाग के नोटिस करने के बावजूद इन जमीनों का अतिक्रमण होना कहीं न कहीं विभाग की कार्यवाही पर सवाल खड़ा करता है. सूत्र बताते हैं कि नोटिस के बाद उक्त लोग जाकर विभागीय कर्मियों से सेटिंग-गेटिंग कर लेते हैं. जिसके बाद पुनः कार्य प्रारंभ हो जाता है. बात चाहे जो भी हो लेकिन प्रशासन द्वारा प्रखंड मुख्यालय में बचे-खुचे सरकारी जमीनों के अतिक्रमण पर रोक लगाने की दरकार है.

## सरकार आपके द्वार से लोगों को मिल रहा सीधा लाभ



**बेंगाबाद।** शुक्रवार को बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झलकडीहा पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपके सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस शिविर में बीस सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. शिविर में पूरे पंचायत के ग्रामीणों की भीड़ थी. ग्रामीण अपने-अपने योग्य के अनुसार शिवर में आवेदन दे रहे थे. शिविर में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे और स्टॉल में सभी विभाग से संबंधित अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे. मौके पर झलकडीहा पंचायत की मुखिया ममता मंडल, सहोदर मंडल, नुनुराम किस्कू, नीलकंठ मंडल, मुखिया जरूवाडीह राजकुमार, राजेंद्र पंडित, मेराज आलम, एलियस सोरेन, पंसस उषा सोरेन, दीपक मुर्मू समेत प्रखंड व अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे.

